# योग की वजह से वैश्विक पटल पर भारत का विशिष्ट स्थान

**योगा दिवस**

■उत्तराखण्ड में 250 वैलनेस सेंटर बनाये जायेंगे

**संवाददाता**



अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर पैवेलियन ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में योगाभ्यास करते सीएम व अन्य।

देहरादून। 5वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पैवेलियन ग्राउंड देहरादून में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हजारों योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि नियमित योगाभ्यास हमें मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मददगार होता है। योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में लाना जरूरी है। योग को जन आन्दोलन बनाने के लिए आम आदमी की सहभागिता को जरूरी बताते हुए कहा कि योग की धारा देवभूमि उत्तराखण्ड से प्रवाहित हुई है।


मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि योग भारतीय सभ्यता, संस्कृति तथा जीवन शैली का अभिन्न अंग रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्थक प्रयासों से योग को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना भारत के लिए गर्व की बात है। योग की वजह से वैश्विक पटल पर भारत का विशिष्ट स्थान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की अपील की थी। 193 देशों ने इसका समर्थन किया था। पतंजलि ने लिखा है जिस प्रकार व्याकरण से भाषा की शुद्धता होती है उसी प्रकार योग से चित्त शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में योग का महत्व बढ़ा है। योग प्रशिक्षकों की मांग तेजी से बढ़ रही है।मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्वास्थ्य व मन की शुद्धता के लिए विश्वभर में करोड़ों लोग योगाभ्यास कर रहे हैं। स्वस्थ शरीर व मन से ही सम्पूर्ण विश्व का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थित में देहरादून में 60 हजार से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया। जिससे देवभूमि व योग भूमि उत्तराखण्ड को विश्वभर में अलग पहचान मिली। उन्होंने कहा कि आत्मा व परमात्मा के मिलन का एकमात्र साधन योग है। आयुष मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड योग की भूमि रही है। हजारों सालों से ऋषि–मुनियों, महात्माओं ने यहां से देश और दुनिया को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 250 वैलनेस सेंटर बनाये जायेंगे। एक स्वस्थ जीवन की कल्पना योग से ही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्री केदारनाथ में योग साधना कर बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ की यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इससे काफी वृद्धि हुई है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक खजान दास, मुन्ना सिंह चौहान, गोपाल रावत, मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, डीजीपी अनिल कुमार रतूड़ी, सचिव आयुष अरविन्द सिंह ह्यांकी आदि उपस्थित थे।


## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास करते हुए।

## योगाभ्यास से अपनी जीवनशैली में ला सकते हैं बदलाव

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड विधि आयोग और मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा विद्या विहार फेस 1 कारगी रोड स्थित पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगा कार्यक्रम रखा गया। इसमें योग गुरु गीता वर्मा ने सभी सदस्यों को योग के बारे में बताया और विभिन्न प्रकार के योग करवाए।

उत्तराखंड विधि आयोग के अध्यक्ष राजेश टंडन ने सभी सदस्यों के साथ पांचवा अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाते हुए कहा और अपील कि योगा भारतीय परंपरा का एक अनमोल खजाना है जिससे मन मस्तिष्क और शरीर में एकता करके संगठित करके जो मन में विचार उत्पन्न होते हैं। योग करने से मनुष्य अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। योग करने से मनुष्य सदा प्रसन्न और स्वस्थ्य रहता है। मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ मन के लिए विश्व भर में करोड़ों लोग योगा करते हैं। इससे स्वस्थ शरीर व मन की संपूर्ण इंद्रियां स्वस्थ रहती है।

## न्यूज डायरी

### फजल बैंड ने किया संगीत प्रदर्शन

**(संवाददाता)** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पैसिफिक मॉल ने आज अपने परिसर में स्वास्थ्य और खुशी को बढ़ावा देने के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया। समारोह को आगे बढ़ाते हुए शाम को विश्व संगीत समारोह मनाया गया। इस सत्र की मेजबानी योग प्रशिक्षण संगठन अनंतयोग के सहयोग से की गई। योग प्रशिक्षक सुषमा मेहरिशी और विक्रांत शाही ने सत्र का संचालन किया और प्रतिभागियों को योग के महत्व के बारे में भी बताया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मॉल में मौजूद प्रतिभागियों के बीच स्वास्थ्य और खुशी फैलाने के लिए किया गया। मजूद योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया।

### रुद्रतेज सिंह को बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया का प्रेसिडेंट एवं सीईओ नियुक्त किया गया

**(संवाददाता)** देहरादून। रुद्रतेज सिंह को बीएमडब्ल्यू इंडिया का प्रेसिडेंट एवं चीफ एग्जेकेटिव ऑफीसर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 1 अगस्त 2019 से प्रभावी होगी। रुद्रतेज 'रूडी' सिंह अपने साथ 25 से अधिक वर्षों का अनुभव लेकर आए हैं और वे ऑटोमोटिव एवं नॉन–ऑटोमोटिव दोनो उद्योग क्षेत्रों में कई नेतृत्व कारी पदों पर रह चुके हैं। इससे पहले, रुद्रतेज सिंह रॉयल एनफील्ड के ग्लोबल प्रेसिडेंट थे। इससे पूर्व, उन्होंने भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 16 से अधिक वर्षों के लिए यूनीलीवर के साथ काम किया। मिस्टर सिंह ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और उनके पास इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद से मार्केटिंग एवं फाइनेंस में एमबीए की डिग्री है।

### किआ सेल्टोस ने भारत से अपना वर्ल्ड प्रीमियर किया

**(संवाददाता)** देहरादून। दुनिया के आठवें सबसे बड़े ऑटो निर्माता, किआ मोटर्स ने भारत के लिए अपनी पहली कार, किआ सेल्टोस का वर्ल्ड प्रीमियम किया। देश में विकसित सेल्टोस में आधुनिक और स्टाईलिश डिजाईन तथा खूबसूरत एवं विशाल इंटीरियर हैं। इस वाहन में भारत, दुनिया और सेगमेंट के अनेक प्रथम गुण एवं विश्वस्तरीय सुरक्षा विशेषताएं हैं, जिसके कारण यह वाहन इस सेगमेंट को परिभाशित कर खुद की एक अलग पहचान स्थापित कर लेगा।

किआ सेल्टोस में स्मार्टस्ट्रीम है, जो हाई एफिशियंसी एवं शक्तिशाली परफॉर्मेंस के लिए विकसित थर्ड जनरेशन पॉवरट्रेन है। सर्वप्रथम भारत के लिए तैयार इस वाहन में विश्वस्तरीय डिजाईन, क्वालिटी एवं विशेषताएं हैं और यह 2019 की चौथी तिमाही से पूरी दुनिया के बाजार में मिलने लगेगी।

## मैक्स अस्पताल ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तरी भारत के अग्रणी स्वास्थ्यसेवा प्रदाता, मैक्स सुपर स्पेशलटी अस्पताल, देहरादून ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कम्युनिटी योगा परफोर्मेन्स का आयोजन किया। कम्युनिटी योगा परफोर्मेन्स का आयोजन हरियाली से घिरे खुले अस्पताल परिसर में किया गया था। कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

लेफ्टिनेंट जनरल, एम एम लखेड़ा– एक्स लेफ्टिनेंट गवर्नर, डॉ जी बी जोशी– स्टेट प्रेसिडेन्ट आयुर्वेदा कांग्रेस तथा डॉ जी एस जोशी– एक्स डी जी हेल्थ उत्तराखण्ड गवर्नमेंट इस मौके पर सम्मानित अतिथि थे उनके साथ कुछ अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मैक्स सुपर स्पेशलटी अस्पताल, देहरादून के मेडिकल एडवाइजर एवं चेयरमैन माइण्ड डॉ. ए.के. सिंह ने की, जिन्होंने अपने स्वागत संबोधन के दौरान योग की भारतीय उत्पत्ति, इसके इतिहास आदि पर रोशनी डाली। सामुदायिक योग प्रदर्शन को विशेष रूप से सभी पहलुओं में योग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था।

## योग एवं विश्व संगीत दिवस मनाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



विश्व संगीत दिवस पर प्रस्तुति देते हुए।

वर्ल्ड इंटीग्रिटी सेण्टर इंडिया ने शुक्रवार को अपने परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और विश्व संगीत दिवस मनाया। समारोह में सभी आयु के लोगों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।स्वास्थ्य और संगीत को एक साथ मनाने और दोनों के मूल्य को सामने लाने के लिए, योग प्रशिक्षक शशिकांत दुबे ने डब्ल्यूआईसी के सदस्यों के लिए एक योग प्रदर्शन किया। शरीर की गति, लचीलापन और एकाग्रता पर ध्यान देने वाले कुछ सरल अभ्यासों का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने योग पर एक सत्र भी आयोजित किया जहाँ उन्होंने योग के महत्व और लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

दूबे ने योग और संगीत दोनों के अभ्यास के माध्यम से सदस्यों को अनुशासित जीवन के महत्व के बारे में बताया। योग दिवस के जश्न के बाद,डब्लूआईसी इंडिया के सदस्यों के साथ इंडियन स्कूल ऑफ टैलेंट के छात्रों ने विश्व संगीत दिवस मनाया। प्रेसिडेंट डब्ल्यूआईसी इंडिया नाजिया इजुद्दीन ने कहा कि संगीत और योग डी–स्ट्रेसर्स के रूप में काम करते हैं। वे हमारे शरीर के भीतर सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करते हैं। उसने कहा, योग और संगीत एक साथ हमें दिल के दौरे, उच्च रक्तचाप, अवसाद, कैंसर और पीठ में दर्द जैसी बीमारियों से बचाने की शक्ति रखते हैं। ये वैकल्पिक उपचारों का सबसे अच्छा रूप हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, योग उत्साही रवि ने कहा, "यह हम सभी के लिए एक खास अनुभव रहा क्योंकि हम विभिन्न आसनों से अवगत हुए और योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित महसूस किया। विश्व संगीत दिवस मनाना मेरे लिए एक नया अनुभव था। छात्रों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।